भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2774
उत्तर देने की तारीख : 12.12.2024

उद्यमियों को उद्यम पोर्टल की आसान पहुंच

2774. श्री धर्मबीर सिंह :
श्री दिनेशभाई मकवाणा :
श्री लुम्बा राम :
श्री विजय बघेल :
श्री दुलू महतो :
श्रीमती कमलेश जांगड़े :
श्री विजय कुमार दूबे :
श्री जनार्दन मिश्रा :
श्री दिलीप शइकीया :

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा उद्यमियों को उद्यम पोर्टल की आसान पहुंच हेतु राज्य-वार, विशेषकर भिवानी-महेंद्रगढ़ में, क्या प्रयास किए गए हैं;

(ख) उद्यम पोर्टल पर कितने उद्यम पंजीकृत हैं और उनमें से देश में राज्य-वार, विशेषकर जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़ में कितने उद्यम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के रूप में वर्गीकृत हैं;

(ग) भिवानी-महेंद्रगढ़ सहित ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के पंजीकरण में वृद्धि करने के लिए क्या विशिष्ट उपाय कार्यान्वित किए जा रहे हैं;

(घ) क्या सरकार ने हरियाणा में एमएसएमई उद्यमियों के लिए कोई लक्षित जागरूकता अथवा प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि एमएसएमई सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हों और उद्यम पोर्टल के माध्यम से कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की जाए?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) और (ग) : सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने दिनांक 01.07.2020 को उद्यम पंजीकरण पोर्टल (यूआरपी) लॉन्च किया था। उद्यम पोर्टल पर शामिल होने हेतु उद्यमियों के लिए पहुँच की सुगमता प्रदान करने के लिए, एमएसएमई मंत्रालय अपने विकास एवं सुविधा कार्यालयों (डीएफओ) के माध्यम से और राज्य सरकारों, एमएसएमई संघों के साथ समन्वय करके देश के विभिन्न राज्यों में औपचारिकीकरण/पंजीकरण अभियान को बढ़ावा देता है, जिसमें भिवानी-महेंद्रगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए हरियाणा राज्य को भी शामिल किया गया है।

(ख) : उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत और देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के रूप में वर्गीकृत उद्यमों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या **अनुबंध** में दी गई है। दिनांक 30.11.2024 तक, जांजगीर-चम्पा, छत्तीसगढ़ में, कुल 58,268 सूक्ष्म उद्यम, 381 लघु उद्यम और 18 मध्यम उद्यम पंजीकृत किए गए हैं।

(घ) और (ङ) : एमएसएमई मंत्रालय, हरियाणा राज्य सहित देश भर में एमएसएमई उद्यमियों के लिए अपनी योजनाओं के बारे में जागरूकता सृजित करने के लिए अभियान चलाता है। एमएसएमई को प्रशिक्षण सहायता प्रदान करने के लिए, मंत्रालय द्वारा उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) का कार्यान्वयन किया जाता है। इसके अलावा, एमएसएमई को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीएस), आत्म निर्भर भारत (एसआरआई) फंड, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) जैसी कई योजनाएं/पहलें हैं, जो उद्यम पर पंजीकृत किसी भी उद्यम के लिए उपलब्ध हैं बशर्ते उसने पंजीकरण संबंधी पात्रता मानदंडों को पूरा कर लिया हो।

*****

अनुबंध

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2774, जिसका उत्तर दिनांक 12.12.2024 को दिया जाना है, के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

**दिनांक 01.07.2020 से 30.11.2024 तक उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफ़ॉर्म पर पंजीकृत कुल एमएसएमई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 16,790 | 274 | 14 | 17,078 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2,488,770 | 24,692 | 1,973 | 2,515,435 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 26,917 | 390 | 37 | 27,344 |
| 4 | असम | 937,482 | 9,807 | 837 | 948,126 |
| 5 | बिहार | 3,048,314 | 19,138 | 1,025 | 3,068,477 |
| 6 | चंडीगढ़ | 57,404 | 1,980 | 207 | 59,591 |
| 7 | छतीसगढ़ | 957,325 | 11,976 | 1,281 | 970,582 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 25,432 | 1,275 | 236 | 26,943 |
| 9 | दिल्ली | 995,355 | 40,928 | 4,992 | 1,041,275 |
| 10 | गोवा | 96,950 | 1,709 | 156 | 98,815 |
| 11 | गुजरात | 3,165,371 | 83,041 | 8,508 | 3,256,920 |
| 12 | हरियाणा | 1,384,491 | 34,267 | 3,306 | 1,422,064 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 238,370 | 3,903 | 444 | 242,717 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 663,312 | 5,200 | 350 | 668,862 |
| 15 | झारखंड | 1,135,719 | 8,903 | 659 | 1,145,281 |
| 16 | कर्नाटक | 3,594,898 | 46,254 | 4,376 | 3,645,528 |
| 17 | केरल | 1,284,090 | 18,982 | 1,461 | 1,304,533 |
| 18 | लद्दाख | 16,486 | 142 | 4 | 16,632 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1,899 | 1 | - | 1,900 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 3,555,151 | 29,773 | 2,263 | 3,587,187 |
| 21 | महाराष्ट्र | 7,219,966 | 106,326 | 12,286 | 7,338,578 |
| 22 | मणिपुर | 120,981 | 672 | 38 | 121,691 |
| 23 | मेघालय | 36,509 | 498 | 61 | 37,068 |
| 24 | मिजोरम | 40,109 | 199 | 11 | 40,319 |
| 25 | नागालैंड | 50,157 | 245 | 17 | 50,419 |
| 26 | ओडिशा | 1,751,737 | 14,777 | 1,095 | 1,767,609 |
| 27 | पुदुचेरी | 80,614 | 951 | 126 | 81,691 |
| 28 | पंजाब | 1,561,318 | 27,118 | 2,460 | 1,590,896 |
| 29 | राजस्थान | 3,155,824 | 42,528 | 3,412 | 3,201,764 |
| 30 | सिक्किम | 21,756 | 192 | 19 | 21,967 |
| 31 | तमिलनाडु | 4,420,908 | 59,586 | 5,313 | 4,485,807 |
| 32 | तेलंगाना | 2,062,334 | 27,780 | 3,119 | 2,093,233 |
| 33 | त्रिपुरा | 245,140 | 986 | 72 | 246,198 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 5,914,809 | 62,055 | 4,801 | 5,981,665 |
| 35 | उत्तराखंड | 457,276 | 6,299 | 539 | 464,114 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 3,950,899 | 36,132 | 3,267 | 3,990,298 |
| | **कुल:-** | 54,780,863 | 728,979 | 68,765 | 55,578,607 |

**सूचना दिनांक:- 09/12/2024 अपराह्न 02:10 बजे**

*****